Statement

| Year | Airline | No. of accidents | No. of persons killed | No. of persons injured |
|---|---|---|---|---|
| 1985 | Air India | 1 | 329 | Nil |
| | Indian Airlines | 1 | Nil | 14 (minor injuries) |
| 1986 | Air India | Nil | Nil | Nil |
| | Indian Airlines | 5 | Nil | 1 |
| 1987 | Air India | Nil | Nil | Nil |
| | Indian Airlines | 1 | Nil | Nil |

**झांसी के रेलवे प्लेटफार्म से सीपरी बाजार तक एक "ओवर ब्रिज" का निर्माण**

**1018. डा० गोविन्द दास चिरौरिया :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या झांसी के रेलवे प्लेटफार्म से सीपरी बाजार तक एक ओवरब्रिज का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उस पर अनुमानतया कितनी धनराशि खर्च किये जाने की संभावना है और इसका निर्माण-कार्य कब तक शुरू किये जाने की संभावना है ; और

(ग) क्या ओवर ब्रिज के साथ सीपरी बाजार की ओर एक आरक्षण कार्यालय बनाये जाने का भी प्रस्ताव है ?

**रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) :** (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) जी, नहीं ।

**होटल कारपोरेशन आफ इंडिया को हानि**

**1019. श्री बेकल उत्साही :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एयर इंडिया के अधीन होटल कारपोरेशन आफ इंडिया को गत तीन वर्षों से लगातार हानि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान हुई हानि का ब्यौरा क्या है ;

(ग) उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) सरकार होटल कारपोरेशन आफ इंडिया को हो रही इस हानि को दूर करने के लिए क्या प्रभावी कदम उठा रही है ?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) :** (क) जी, हां ।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतीय होटल निगम द्वारा उठाया